an>

Title: Need to stop collection of toll tax on National Highways across the country.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा)ः राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल वसूली राजमार्गों के निर्माण के पीछे की मूल भावना जा समय एवं ईंधन (पेट्रोल डीजल) की बचत तथा गतिशीलता है, के विरुद्ध जा रही है। टोल नाकों पर लम्बी-लम्बी कतारें और वहां लगने वाला समय इस ओर संकेत करता है कि अब समय आ गया है कि सरकार टोल नाकों की समाप्ति की दिशा में सार्थक कदम उठाए। अनेक सड़कों पर सड़क निर्माण पर खर्च की गई राशि से कई गुना राशि टोल के जरिए वसूल की जा चुकी है फिर भी टोल वसूला जा रहा है एवं हर वर्ष प्रति वाहन टोल शुल्क में बढ़ोत्तरी भी की जा रही है। टोल नाकों पर लगने वाले समय में मालवाहक वाहनों का वजन करने की अनिवार्यता के चलते और वृद्धि हुई है। आम जन इन सारी परेशानियों के चलते मानसिक रूप से भी परेशान हो रहा है। टोल नाकों पर लगने वाला समय बहुत भारी महसूस होता है। ईंधन का खर्च भी बढ़ रहा है। तत्काल प्रभाव से इस हेतु किसी अन्य व्यवस्था के बारे में विचार करना चाहिए या टोल नाकों का आधुनिकीकरण किया जाए, यह वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अत्यंत आवश्यक है।